# भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली

हौज खास, नई दिल्ली–110016 वेबसाइट : www.iitd.ac.in

विज्ञापन संख्या: मिशन मोड (सीधी भर्ती)(2)/2023 दिनांक 14 फरवरी, 2023

भारतीय नागरिकों से निम्नलिखित पदों के लिए सीधी भर्ती के आधार पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं :

| क्रम. सं. | पदनाम | कैडर | रिक्तियों की संख्या | | | समूह | 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स | आयु सीमा* |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनारक्षित | ई.डब्ल्यू. एस. | कुल | | | |
| 01. | सहायक शिक्षक (नर्सरी) | नर्सरी स्कूल में प्री–प्राइमरी टीचर | 01 | – | 01 | बी | लेवल 06 | 35 वर्ष |
| 02. | सहायक खेल अधिकारी | खेल प्रशासन | 01 | – | 01 | बी | लेवल 06 | |
| 03. | संयुक्त खेल अधिकारी | | 01 | – | 01 | ए | लेवल 10 | 45 वर्ष |
| 04. | सुरक्षा निरीक्षक | सुरक्षा स्टाफ | 01 | – | 01 | सी | लेवल 05 | 30 वर्ष |
| 05. | सहायक सुरक्षा अधिकारी** | | 02 | – | 02 | बी | लेवल 06 | 35 वर्ष |
| 06. | सुरक्षा अधिकारी | | 01 | – | 01 | ए | लेवल 10 | 45 वर्ष |
| 07. | मुख्य सुरक्षा अधिकारी** | | 01 | – | 01 | ए | लेवल 12 | 50 वर्ष |
| 08. | वरिष्ठ पुस्तकालय सूचना सहायक | पुस्तकालय | 02 | – | 02 | बी | लेवल 06 | 35 वर्ष |
| 09. | आतिथ्य सहायक | आतिथ्य एवं अभीक्षकी | 01 | 01 | 02 | सी | लेवल 05 | 30 वर्ष |
| 10. | सहायक (अभीक्षकी) | | 01 | – | 01 | सी | लेवल 05 | |
| 11. | कनिष्ठ अधीक्षक (अभीक्षकी) | | 01 | – | 01 | बी | लेवल 06 | 35 वर्ष |
| 12. | परामर्शदाता ** | परामर्श | 01 | – | 01 | ए | लेवल 10 | 45 वर्ष |
| 13. | कनिष्ठ परामर्शदाता | | 03 | – | 03 | बी | लेवल 06 | 35 वर्ष |
| | | **कुल पद** | **17** | **01** | **18** | | | |

* आयु सीमा/ छूट, भर्ती एवं पदोन्नति नियम (संशोधन) 2022 संस्थान के गैर शैक्षिक कर्मचारी के बिन्दु 13 परिशिष्ट A1 (प्रावधान युक्त अधिसूचना) पृष्ठ 11 एवं 12 के अनुसार होगी जो संस्थान की आर.टी.आई. वेबसाइट http://rti.iitd.ac.in/ पर उपलब्ध है।

** विज्ञापन सं. E-II/05/2022(सीधी भर्ती) के अन्तर्गत शुल्क के साथ तथा शुल्क में छूट के साथ प्रमुख सुरक्षा अधिकारी और सहायक छात्र परामर्शदाता (परामर्शदाता के समकक्ष सहायक छात्र परामर्शदाता) तथा विज्ञापन सं. E-II/01/2020(सीधी भर्ती) के अन्तर्गत सहायक सुरक्षा अधिकारी पद के लिए पहले भुगतान किये गए शुल्क को समायोजित करने हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र में दस्तावेजों को अपलोड करते समय सफलतापूर्वक भुगतान करने के प्रमाण को अपलोड किया जाना अनिवार्य है अन्यथा उम्मीदवार को पुनः शुल्क का भुगतान करना होगा। शुल्क के समायोजन/वापसी के लिए किसी अन्य अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा। हालांकि, पद के लिए उनकी पात्रता इस विज्ञापन {संख्या–मिशन मोड (सीधी भर्ती)(2)/2023 दिनांक 14 फरवरी, 2023} के अन्तर्गत होगी तथा तदनुसार शॉर्टलिस्टिंग की जाएगी।

**उपरोक्त पदों के लिए निर्धारित न्यूनतम शैक्षिक योग्यता / अनुभव :**

**1. सहायक शिक्षक (नर्सरी)**

**अनिवार्यः**

1. किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय से न्यूनतम 45% अंकों के साथ सीनियर सेकेंडरी स्कूल (कक्षा बारह) या इंटरमीडिएट या इसके समकक्ष का प्रमाणपत्र।
2. किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से बी.एड. (नर्सरी) या नर्सरी अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम में डिप्लोमा/सर्टिफिकेट जिसकी अवधि न्यूनतम दो वर्ष हो।
3. माध्यमिक स्तर पर हिन्दी उत्तीर्ण होना चाहिए।

**2. सहायक खेल अधिकारी**

**अनिवार्यः**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय /संस्थान से न्यूनतम 55% अंकों के साथ शारीरिक शिक्षा में स्नातक (B.P.Ed) या इसके समकक्ष एवं विश्वविद्यालय /संस्थान में कम से कम 02 वर्ष का कोचिंग अनुभव।

**वांछनीयः**

(i) शारीरिक शिक्षा में स्नातकोत्तर के साथ कम से कम एक अंतर–विश्वविद्यालय भागीदारी।
(ii) सरकारी/स्वायत्त निकाय/या विश्वविद्यालय या कॉलेज में न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव।
(iii) किसी प्रतिष्ठित संस्थान से एम.एस.वर्ड, एक्सेल आदि में कंप्यूटर कोर्स।

**3. संयुक्त खेल अधिकारी**

**अनिवार्यः**

(i) न्यूनतम 55% अंकों के साथ शारीरिक शिक्षा में स्नातकोत्तर डिग्री या खेल विज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री या समकक्ष (या जहां ग्रेडिंग सिस्टम का अनुपालन किया गया हो, वहां पॉइंट स्केल में समकक्ष ग्रेड) एवं लगातार अच्छा अकादमिक रिकॉर्ड।

(ii) इंटर–यूनिवर्सिटी/इंटर–कॉलेजिएट प्रतियोगिताओं या राज्य और/या राष्ट्रीय चैंपियनशिप में विश्वविद्यालय/ कॉलेज का प्रतिनिधित्व करने का रिकॉर्ड।

(iii) विनियमों के अनुसार आयोजित शारीरिक फिटनेस परीक्षा उत्तीर्ण की हो।

(iv) संस्थान/राज्य /केंद्र सरकार संगठन के विश्वविद्यालय में काम करने का न्यूनतम 03 वर्ष का संबंधित अनुभव।

<u>वांछनीयः</u>

यूजीसी या यूजीसी द्वारा अनुमोदित किसी अन्य एजेंसी द्वारा इस प्रयोजन के लिए आयोजित राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में अर्हकता।

**4. सुरक्षा निरीक्षक**

<u>अनिवार्यः</u>

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय /संस्थान से न्यूनतम 55% अंकों के साथ किसी भी विषय में स्नातक। मजबूत शरीर के साथ रक्षा प्रहरी के रूप में 04 साल का अनुभव होना चाहिए। 08 वर्ष की न्यूनतम सेवा और सशस्त्र लाइसेंस रखने वाले पर्यवेक्षी संवर्ग के भूतपूर्व सैनिक को प्राथमिकता दी जाएगी।

**5. सहायक सुरक्षा अधिकारी**

<u>अनिवार्यः</u>

(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 55% अंकों के साथ किसी भी विषय में स्नातक डिग्री और 05 वर्ष का संबंधित अनुभव।

(ii) मिलिट्री या एन.सी.सी. तथा अग्नि शमन प्रशिक्षण, जोखिम एवं आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण/प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण प्राप्त होना चाहिए।

(iii) हल्के वाहन/मोटर साइकिल चलाना और अग्नि शस्त्रों के संचालन में सक्षम हो। अच्छी सेहत होनी चाहिए, पूछताछ एवं जांच पडताल करने तथा संपर्क बनाने में सक्षम हो।

**6. सुरक्षा अधिकारी**

<u>अनिवार्यः</u>

1. सेना/नौसेना/वायुसेना के कमीशंड अधिकारी या पुलिस उप अधीक्षक या पुलिस/सुरक्षा बल के सहायक कमांडेंट जिनके पास किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय /संस्थान से न्यूनतम 55% अंकों के साथ स्नातक या समकक्ष डिग्री तथा 06 वर्ष का संबंधित अनुभव।

   **या**

   किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय /संस्थान से में न्यूनतम 55% अंकों के साथ स्नातक या समकक्ष डिग्री तथा कुल 15 वर्षों का संबंधित अनुभव, जिसमें पुलिस या किसी बड़े सुरक्षा संगठन में वेतन लेवल –7/8 या इसके समकक्ष में पर्यवेक्षी क्षमता से न्यूनतम 05 वर्ष का अनुभव शामिल हो।
2. मोटर साइकिल, मोटर कार चलाना और अग्नि शस्त्रों के संचालन में सक्षम हो।
3. स्वास्थ्य अच्छा होना चाहिए।
4. पुलिस और जनता से निपटने के लिए सुरक्षा नियमों और प्रक्रियाओं से परिचित होना चाहिए।

**वांछनीयः**

(i) प्रशिक्षण, पूछताछ और जांच करना, संपर्कों का प्रबंधन और आपातकालीन स्थिति जैसे अग्निशमन, बचाव अभियान, बाढ़, भूकंप आदि को संभालना।

(ii) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय /संस्थान से सुरक्षा संचालन / अग्नि सुरक्षा और आपदा प्रबंधन में डिप्लोमा प्रमाणपत्र।

### 7. मुख्य सुरक्षा अधिकारी

**अनिवार्यः**

1. सेना/नौसेना/वायुसेना के कमीशन अधिकारी या पुलिस उप अधीक्षक या पुलिस/सुरक्षा बल के सहायक कमांडेंट जिनके पास किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 55% अंकों के साथ स्नातक या समकक्ष डिग्री तथा 15 साल का संबंधित अनुभव जिनमें से न्यूनतम 05 वर्ष वेतन लेवल–11 में या न्यूनतम 13 वर्ष वेतन लेवल–10 में होना चाहिए।

**या**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 55% अंकों के साथ स्नातकोत्तर डिग्री तथा 15 वर्षों का संबंधित अनुभव, जिसमें से पुलिस या किसी बड़े सुरक्षा संगठन, शैक्षणिक संस्थान/विश्वविद्यालय/पीएसयू आदि में वेतन लेवल –11 या इसके समकक्ष में पर्यवेक्षी क्षमता से न्यूनतम 07 वर्ष का अनुभव शामिल हो।

**या**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 55% अंकों के साथ स्नातक डिग्री तथा 20 वर्षों का संबंधित अनुभव, जिसमें से पुलिस या किसी बड़े सुरक्षा संगठन, शैक्षणिक संस्थान/विश्वविद्यालय/पीएसयू आदि में वेतन लेवल –11 या इसके समकक्ष में पर्यवेक्षी क्षमता से न्यूनतम 07 वर्ष का अनुभव शामिल हो।

2. मोटर साइकिल, मोटर कार चलाना और अग्नि शस्त्रों के संचालन में सक्षम हो।
3. स्वास्थ्य अच्छा होना चाहिए।
4. पुलिस और जनता से निपटने के लिए सुरक्षा नियमों और प्रक्रियाओं से परिचित होना चाहिए।

**वांछनीयः**

(i) प्रशिक्षण, पूछताछ और जांच करना, संपर्कों का प्रबंधन और आपातकालीन स्थिति जैसे अग्निशमन, बचाव अभियान, बाढ़, भूकंप आदि को संभालना।

(ii) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय /संस्थान से सुरक्षा संचालन / अग्नि सुरक्षा और आपदा प्रबंधन में डिप्लोमा प्रमाणपत्र।

### 8. वरिष्ठ पुस्तकालय सूचना सहायक

**अनिवार्यः**

1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 55% अंकों के साथ M.Lib.Sc. /MLISc या समकक्ष।

**या**

मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 55% अंकों के साथ B.Lib.Sc. /BLISc या समकक्ष के साथ कला/विज्ञान/वाणिज्य या किसी अन्य विद्याशाखा में स्नातकोत्तर डिग्री।

2. किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से न्यूनतम 06 महीने की अवधि के साथ कम्प्यूटर एप्लिकेशन/लाइब्रेरी ऑटोमेशन में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा/ सर्टिफिकेट कोर्स।

3. किसी प्रतिष्ठित पुस्तकालय में कम से कम 03 वर्ष का कार्यानुभव।

**9. आतिथ्य सहायक**

<u>अनिवार्य</u>:

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 55% अंकों के साथ होटल प्रबंधन में स्नातक की डिग्री या समकक्ष तथा 1 वर्ष का संबंधित अनुभव।

**या**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 55% अंकों से किसी भी विद्याशाखा में स्नातकोत्तर डिग्री एवं होटल प्रबंधन में स्नातक की डिग्री या समकक्ष।

**10. सहायक (अभीक्षकी)**

<u>अनिवार्य</u>:

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 55% अंकों के साथ होटल प्रबंधन में स्नातक की डिग्री या समकक्ष तथा 2 वर्ष का संबंधित अनुभव।

**11. कनिष्ठ अधीक्षक (अभीक्षकी)**

<u>अनिवार्य</u>:

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 55% अंकों के साथ होटल प्रबंधन में स्नातक की डिग्री या समकक्ष तथा 5 वर्ष का नियमित/स्थायी संबंधित अनुभव।

**12. परामर्शदाता**

<u>अनिवार्य</u>:

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 55% अंकों (या समकक्ष ग्रेड बिन्दु औसत) के साथ मनोविज्ञान/सामाजिक कार्य या समकक्ष में स्नातकोत्तर एवं नैदानिक या परामर्श या मनोचिकित्सा में विशेषज्ञता और मनोविज्ञान में स्नातक।

**अनुभवः**

9 वर्ष का संबंधित अनुभव निम्नानुसार होः–

(क) मानसिक स्वास्थ्य देखभाल में 1 वर्ष का नैदानिक अनुभव और;

(ख) नियमित पूर्णकालिक परामर्शदाता के पद पर 8 वर्ष का अनुभव।

**वांछनीयः**

(i) उपरोक्त (ख) शैक्षिक संस्थान में होना चाहिए। उपरोक्त (क) एवं (ख) में सामूहिक परामर्श तथा व्यक्तिगत परामर्श शामिल होना चाहिए।

(ii) उत्कृष्ट संचार कौशल।

**13. कनिष्ठ परामर्शदाता**

**अनिवार्यः**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 55% अंकों (या समकक्ष ग्रेड बिन्दु औसत) के साथ मनोविज्ञान या सामाजिक कार्य में स्नातकोत्तर एवं नैदानिक या परामर्श या मनोचिकित्सा में विशेषज्ञता और मनोविज्ञान में स्नातक।

**अनुभवः**

5 वर्ष का संबंधित अनुभव निम्नानुसार होः–

(क) मानसिक स्वास्थ्य देखभाल में 1 वर्ष का नैदानिक अनुभव और;

(ख) पूर्णकालिक परामर्शदाता के पद पर 4 वर्ष का अनुभव।

**वांछनीयः**

(i) उपरोक्त (ख) शैक्षिक संस्थान में होना चाहिए। उपरोक्त (क) एवं (ख) में सामूहिक परामर्श तथा व्यक्तिगत परामर्श शामिल होना चाहिए।

(ii) उत्कृष्ट संचार कौशल।

**सामान्य निर्देश :**

1. अभ्यार्थी को संबंधित पद हेतु आवेदन करने से पहले विज्ञापन में उल्लिखित अपेक्षित न्यूनतम अनिवार्य योग्यताओं, आयु एवं पात्रता अनुभव मानदण्ड के बारे में ध्यानपूर्वक पढ़ना चाहिए। चूंकि ऑनलाइन आवेदन पत्र में प्रत्याशी द्वारा दिए गए डाटा के आधार पर सभी आवेदनों को जांचा जाएगा। प्रत्याशी जिस पद के लिए आवेदन कर रहे हैं उसकी योग्यता के अनुसार वह स्वयं सन्तुष्ट हों। यदि भर्ती एवं चयन प्रक्रिया के दौरान किसी भी स्तर पर प्रत्याशी द्वारा दी गई सूचना को झूठा अथवा गलत पाया जाता है तो उसकी उम्मीदवारी अस्वीकृत कर दी जाएगी।

2. एक बार आवेदन जमा करने के बाद किसी भी परिस्थिति में उसमें तब्दीली/पुनः प्रविष्टी नहीं की जा सकती। एक बार सफलतापूर्वक आवेदन जमा होने के बाद ऑनलाइन आवेदन में प्रत्याशी द्वारा भरे गए किसी भी डाटा/विवरण में परिवर्तन के लिए कोई अनुरोध नहीं माना जाएगा। अतः ऑनलाइन आवेदन करने से पहले सभी डाटा/विवरण पहले से ही तैयार रखें। **प्रत्याशी ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र भरने के लिए Mozilla firefox का उपयोग करें।**

3. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/ई.डब्ल्यू.एस./ पी.डब्ल्यू.डी. जैसे आरक्षित वर्ग के तहत आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को अपने नवीनतम सहायक दस्तावेज/प्रमाणपत्र अपलोड करने होंगे। अन्यथा, उनके आवेदन को सरसरी तौर पर खारिज किया जा सकता है।

4. प्रत्येक पद के समक्ष उल्लिखित 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग में वर्णित मैट्रिक्स के अतिरिक्त वेतन मैट्रिक्स के अनुरूप भा.प्रौ.सं. दिल्ली नियमों के अन्तर्गत स्वीकार्य सामान्य भत्ते दिए जाएंगे।

5. भर्ती पोर्टल पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से समूह 'ए' पदों के लिए ₹ 500/– (केवल पांच सौ रुपए) समूह 'बी' एवं 'सी' पदों के लिए ₹ 200/– (केवल दो सौ रुपए) शुल्क का भुगतान करना होगा। **केवल शुल्क भुगतान के बाद ही जमा किया गया आवेदन पत्र स्वीकार होगा।** एक बार शुल्क का भुगतान होने के बाद किसी भी स्थिति में शुल्क वापिस अथवा पुनः समायोजित नहीं होगा। अनु. जाति/अनु. जनजाति, दिव्यांग श्रेणी तथा महिला प्रत्याशियों को शुल्क से छूट प्राप्त है।

6. शैक्षिक अर्हता तथा अनुभव को पूरा करना मूल आवश्यकता है। सामान्य तौर पर मानकों का पालन करते हुए प्रत्याशी को भर्ती/चयन के स्तरों में आगे बढ़ते हुए मूल्यांकन प्रक्रिया के लिए बुलाया जाएगा। यदि प्राप्त आवेदन विज्ञापित पदों की संख्या से अधिक हैं तो स्क्रूटनी/शॉर्टलिस्टिंग समिति आवेदकों के शैक्षणिक प्रदर्शन और/या अनुभव के वर्षों अथवा अन्य आधार पर शॉर्टलिस्टिंग के लिए अतिरिक्त मानदंड तय करने का निर्णय ले सकती है और शॉर्टलिस्ट किए गए आवेदकों को संस्थान के निर्णयानुसार योग्यता पर लागू होने वाली कुछ मूल्यांकन प्रक्रिया और बाद के चरण (चरणों) के लिए बुलाया जाएगा।

7. आवेदकों को यह भी सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय अपने पूरे अनुभव और शैक्षणिक प्रदर्शन को उचित स्थान पर भरें। बाद में जोड़ने/हटाने के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा। साथ ही, ऑनलाइन आवेदन पत्र में दी गई जानकारी के आधार पर उम्मीदवार की योग्यता का आंकलन किया जाएगा। बाद में कोई अतिरिक्त दस्तावेज जोड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

8. भा.प्रौ.सं. दिल्ली बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी आवेदनों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है अथवा यह सक्षम प्राधिकारी के आदेश के अनुसार किसी भी खंड में संशोधन कर सकता है। इसी प्रकार, बिना कोई कारण बताए उपरोक्त विज्ञापित किसी भी पद के लिए या सभी पदों के लिए रिक्तियों की संख्या को बढ़ाने या घटाने, भर्ती को पूरी तरह से स्थगित या रद्द करने का अधिकार संस्थान के पास सुरक्षित है।

9. चयन प्रक्रिया में उत्पन्न होने वाले किसी भी विवाद/अस्पष्टता/भ्रम के मामले में निदेशक, भा.प्रौ.सं. दिल्ली का निर्णय अन्तिम होगा।

10. <u>यात्रा भत्ता (टीए) प्रतिपूर्ति</u>

निश्चित मूल्यांकन प्रक्रिया के लिए बुलाए गए बाहरी उम्मीदवारों को कोई यात्रा भत्ता (टीए) का भुगतान नहीं किया जाएगा। हालांकि, मूल्यांकन प्रक्रिया के लिए बुलाए गए अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों को ड्यूटी/निवास स्थान से दिल्ली और सबसे छोटे मार्ग से वापस आने के लिए नियमानुसार रेलवे किराए का भुगतान किया जाएगा। संबंधित प्रत्याशी द्वारा NEFT विवरण देने पर स्वीकार्य राशि उनके बैंक खाते में अंतरण कर दी जाएगी तथा साक्षात्कार स्थल पर कोई भुगतान नहीं किया जाएगा। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के जो उम्मीदवार पहले से ही केंद्र/राज्य सरकार के संगठनों, स्वायत्त निकाय, सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों आदि सेवाओं में है वे इसके लिए स्वीकार्य नहीं हैं।

11. दिव्यांगों/भूतपूर्व सैनिक के लिए आरक्षण/छूट तथा उनसे संबंधित प्रतिशत केन्द्र सरकार के वर्तमान आदेशों के अनुसार होंगे।

12. चयनित प्रत्याशी भा.प्रौ.सं. दिल्ली के किसी भी परिसर में सेवाएं प्रदान करने के लिए उत्तरदायी होगा।

13. सभी पदों के लिए अधिवर्षिता की आयु 60 वर्ष है।

14. (क) प्रत्याशी ऑनलाइन आवेदन केवल **14.02.2023 से 16.03.2023 को सांय 5.00 बजे तक** कर सकते हैं।

(ख) ऑनलाइन माध्यम से आवेदन जमा करने के लिए संस्थान वेबसाइटः

- Direct Link: *https://ecampus.iitd.ac.in/IITDSR-0/login*
- Alternatively: *http://www.iitd.ac.in/jobs-iitd/index.html*

(ग) सरकारी/अर्धसरकारी संगठनों/लोक उपक्रमों/स्वायत्त संगठनों में नियोजित प्रत्याशी पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र का प्रिंट सभी जरुरी दस्तावेजों के साथ उचित माध्यम द्वारा जमा करने की अंतिम तिथि से 10 दिनों के भीतर भेजें। ऐसा न करने पर प्रत्याशी को चयन प्रकिया के समय अनापत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा। इसके लिए उन्हें अग्रिम प्रति **भर्ती प्रकोष्ठ, कमरा नं. 207/सी–7, उप निदेशक (प्रचालन) कार्यालय के निकट, आईआईटी दिल्ली, हौज खास, नई दिल्ली–110016** पर भेजनी होगी। उम्मीदवार को स्पष्ट रूप से लिफाफे के शीर्ष पर लिखना होगा **''विज्ञापन सं. MISSION MODE (DR)/2023 DATED FEBRUARY 14, 2023 के पद _______________ के लिए आवेदन''**।

(घ) अपूर्ण और डुप्लीकेट आवेदन पत्र अस्वीकार कर दिए जाएंगे।

(ड.) प्रत्याशियों को योग्यता के क्रम में (10वीं, 12वीं, स्नातक से आगे), अनुभव (वर्तमान से शुरू करके अंतिम तक), नवीनतम वेतन पर्ची, जाति प्रमाणपत्र आदि सभी आवश्यक दस्तावेजों को आवेदन पत्र में उल्लिखित क्रम में एक पी.डी.एफ. फाइल **(2MB से अधिक नहीं)** में अपलोड करना होगा। जो प्रत्याशी विज्ञापन संख्या E-II/01/2020(DR) के तहत सहायक सुरक्षा अधिकारी या विज्ञापन संख्या E-II/05/2022(DR) के तहत प्रमुख सुरक्षा अधिकारी या परामर्शदाता पद (परामर्शदाता के समकक्ष सहायक छात्र परामर्शदाता) के लिए शुल्क सहित आवेदन कर चुके थे, उन्हें पुनः आवेदन करना होगा और सफलतापूर्वक भुगतान का पिछला प्रमाण भी अपलोड करना होगा।

15. प्रत्याशियों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन में अपने सही और सक्रिय ईमेल पते का उल्लेख करें क्योंकि सभी पत्राचार जैसे कि एडमिट कार्ड जारी करना या कोई अन्य जानकारी केवल ई–मेल के माध्यम से भेजी जाएगी।

16. पात्रता, आवेदन पत्र का स्तर, डाक से विलम्ब, परीक्षा/साक्षात्कार के संचालन और परिणाम आदि के लिए न बुलाए जाने के कारण के संबंध में किसी भी पत्र व्यवहार पर विचार नहीं किया जाएगा।

17. एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करने के इच्छुक उम्मीदवारों को प्रत्येक पद के लिए अलग–अलग आवेदन करना होगा और प्रत्येक पद के लिए निर्धारित आवेदन शुल्क का भुगतान करना होगा।

18. संस्थान एक ऐसा कार्यस्थल बनाने का प्रयास करता है जहां विविधता की समानता हो और सभी वर्ग, जाति, लिंग एवं धर्म के प्रत्याशियों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

19. चयन/भर्ती प्रक्रिया के संबंध में कोई भी कानूनी विवाद दिल्ली के अधिकार क्षेत्र वाले न्यायालयों के अधीन होगा।

20. उम्मीदवारों की शॉर्टलिस्टिंग प्रक्रिया पूरी होने के बाद शॉर्टलिस्टेड और नॉन–शॉर्टलिस्टेड उम्मीदवारों की सूची (केवल पंजीकरण संख्या तथा शार्टलिस्ट न होने के कारण दर्शाते हुए) संस्थान की वेबसाइट *https://home.iitd.ac.in/jobs-iitd/index.php* पर प्रदर्शित की जाएगी। आवेदकों को अपनी शॉर्टलिस्टिंग/गैर–शॉर्टलिस्टिंग के लिए इस वेबसाइट पर निरंतर नजर रखनी चाहिए। शॉर्टलिस्टिंग पर यदि कोई अभिवेदन हो तो सूची के प्रकाशन की तारीख से 05 (पॉच) दिनों की अवधि के भीतर ईमेल *recruitmentcell@admin.iitd.ac.in* पर संस्थान को भेजना होगा।

21. संस्थान के गैर शैक्षिक कर्मचारियों के लिए भर्ती एवं पदोन्नति नियम (संशोधन) 2022 के अनुसार नियम एवं शर्तें *http://rti.iitd.ac.in* लिंक पर उपलब्ध है।

22. यदि ऑनलाइन आवेदन करते समय कोई समस्या आती है, तो कृपया ई–मेल *recruitrmentcell@admin.iitd.ac.in* के माध्यम से सम्पर्क करें।

23. यदि इस विज्ञापन के अंग्रेजी से हिंदी अनुवाद में कोई अस्पष्टता/विवादित स्थिति पाई जाती है तो अंग्रेजी संस्करण को अंतिम समझा जायेगा।